

# बेगमगंज में 9 केंद्रों पर 3,270 परीक्षार्थी देंगे बोर्ड परीक्षा

- एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**बेगमगंज, 10 फरवरी. मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा हाई स्कूल - हायर सेकंडरी परीक्षाओं के लिए जिले में 82 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं जिनमें 82 केंद्राध्यक्ष एवं 82 सहायक केंद्राध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं. बेगमगंज तहसील में 9 केंद्रों पर 3,270 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे.**

हायर सेकंडरी परीक्षा के पहले दिन एसडीएम सौरभ मिश्रा, एसडीओपी सोनल गुप्ता, थाना प्रभारी राजीव उइके, ब्लॉक



शिक्षाधिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव ने नगर के सीएम राइज , पीएमश्री कन्या हायर सेकंडरी स्कूल , सरस्वती विद्या मंदिर एवं महर्षि कॉन्वेंट स्कूल में परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया. हायर सेकंडरी परीक्षा के पहले दिन मंगलवार को बेगमगंज तहसील के 7 परीक्षा केंद्रों शासकीय सीएम राइज विद्यालय में परीक्षार्थी 301, शासकीय पीएमश्री कन्या हायर सेकंडरी स्कूल में 154, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सुल्तानगंज में 334 , शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल सुनवाहा में135, शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल वीरपुर में 202,विद्यालय सरस्वती विद्या मंदिर में 296 एवं महर्षि कॉन्वेंट स्कूल में 343 सहित कुल 1259 परीक्षार्थी शामिल हुए.

जिन्होंने अंग्रेजी का प्रश्नपत्र हल किया गया. उक्त 7 परीक्षा केंद्रों के अतिरिक्त दो परीक्षा केंद्र हाई स्कूल पड़रिया राजाधार एवं चांदबड़ के परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल के 2021 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे.ब्लॉक शिक्षाधिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि नकल पर पूरी तरह नकेल कसने के लिए प्रशासन ने भी व्यवस्था चाकचौबंद रखी है.

### सिलवानी में 12वीं कीपरीक्षा के पहले दिन



**सिलवानी.** 12वीं बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हो गई. पहले दिन कुल 958 परीक्षार्थियों में से 942 छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे, जबकि 16 अनुपस्थित रहे. परीक्षा कक्ष में प्रवेश से पहले सभी परीक्षार्थियों की गहन जांच की गई. अनुचित सामग्री पाए जाने पर विद्यार्थियों को उसे प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर रखी गई ईमानदारी की पेटी में रखने के निर्देश दिए गए . जिन परीक्षार्थियों का चेहरा स्पष्ट नहीं था, उनकी पहचान प्रवेश पत्र में दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से की गई. परीक्षा में सख्ती का असर साफ दिखाई दिया. जूते और मोजे पहनकर आए छात्र-छात्राओं को कक्ष के बाहर ही उतारने के निर्देश दिए गए .



# मिस्त्री की बाइक को लोडिंग ऑटो ने ठोका, 2 घायल

- भोपाल विदिशा हाइवे 18 के बेरखेड़ी चौराहे के पास की घटना
- दोनों घायलों का विदिशा मेडिकल कॉलेज में चल रहा है उपचार

**सलामतपुर. भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर हादसे आए दिन बढ़ते ही जा रहे हैं. ऐसे ही एक मामले में भोपाल से काम कर लौट रहे दो मिस्त्रियों की मोटरसाइकिल में लोडिंग ऑटो ने सामने से टक्कर मार दी.**

टक्कर से दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए, जिन्हें गंभीर हालत में विदिशा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया. जहां उनका ईलाज चल रहा है. वहीं टक्कर मारकर लोडिंग ऑटो चालक मौके से फरार हो गया. घटना चार फरवरी की रात की है. इस मामले में फरियादी की अस्पताल से छुट्टी होने के बाद दस फरवरी को पुलिस ने मामला दर्ज किया है. पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 4 फरवरी को

### शीघ्र हो 4 लेन, तब आएगी हादसों में कमी

भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 पर सड़क हादसे रुकने का नाम ही नही ले रहे हैं. इन रोज़ होने वाले हादसों की वजह से ही अब इस सड़क को खूनी सड़क भी कहा जाने लगा है. वहीं सलामतपुर, दीवानगंज व बालमपुर, बेरखेड़ी चौराहा क्षेत्र के लोगों ने इस स्टेट हाइवे को 4 लेन करने की मांग शासन प्रशासन से की है.

### इनका कहना है

4 फरवरी की रात बेरखेड़ी चौराहे के पास एक तेज़ रफ़्तार लोडिंग ऑटो चालक ने बाइक में सामने से टक्कर मार दी थी. जिससे बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए. फरियादी के अस्पताल में भर्ती होने के कारण 10 फरवरी को मामले में एफआईआर की गई है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर.

# बेगमगंज में दो दिन से जल सप्लाई ठप

## पाइप लाइन और टंकियों की चल रही है सफाई, टैंकरों से पानी खरीद रहे हैं लोगा

**बेगमगंज, 10 फरवरी. नगर में पिछले दो दिन से जल सप्लाई बंद है. पूरी तरह नगरपालिका द्वारा की जा रही जल सप्लाई पर निर्भर नगर में जलापूर्ति नहीं होने से त्राहि -त्राहि मच गई.**

नगर के सभी 18 वार्डों में पाइप लाइन की सफाई एवं मरम्मत के साथ वॉटर फिल्टर प्लांट और टंकियों की सफाई का कार्य चल रहा है, जिसके कारण नगर के कई वार्डों में जलापूर्ति बाधित है.

वार्ड-17 एवं 18 में दो दिन से जलापूर्ति ठप्प होने से रहवासी परेशान हो रहे हैं. लोगों को किराए के टेंकरों से पानी मंगाना पड़ रहा है. इसके अलावा रामनगर मुख्य मार्ग पर पाइप लाइन शिफ्टिंग करते समय जेसीबी से पाइपलाइन फूट गई थी, जिसमें गंदा पानी पाइप लाइन में भर गया। पाइप लाइन को साफ किया जा रहा है. इसके



अतिरिक्त नगर के अन्य वार्डो में भी पाइप लाइन दुरुस्ती का काम चलने से जलापूर्ति बाधित है. नागरिकों का कहना है कि जल सप्लाई चार दिन से बंद है। नगरपालिका को टैंकरों से पानी सप्लाई करना थी लेकिन उन्हें महंगे दामों पर पानी खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है. नागरिकों की मांग है जब तक सप्लाई बंद है तब तक नगरपालिका प्रशासन द्वारा जल टैंकरों से जलापूर्ति कराई जाए.

### आज से सुचारू हो जाएगी जल सप्लाई

इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेंद्र शर्मा का कहना है कि नागरिकों को शुद्ध पेयजलापूर्ति हो इसको लेकर फिल्टर प्लॉट एवं पानी टंकियों की सफाई के साथ पाइप लाइन मरम्मत कराई जा रही है. जलापूर्ति संभवता : आज से व्यवस्था रूप से सुचारू हो जाएगी.

# जनसुनवाई में किया गया अनेक प्रकरण का निराकरण

**बेगमगंज, 10 फरवरी. तहसील सभा कक्ष में मंगलवार को जनसुनवाई एसडीएम सौरभ मिश्रा की अध्यक्षता में हुई . इस अवसर पर तहसीलदार प्रमोद उइके के सहित अन्य विभागों के प्रभारी उपस्थित थे.**

जनसुनवाई में राजस्व विभाग से संबंधित 12 आवेदन में से सीमांकन के दो प्रकरणों का निराकरण दोनों पक्षों की आपसी सहमति से किया गया. जबकि अन्य प्रकरण में भी एसडीएम एवं तहसीलदार द्वारा सुलझाए गए. पूर्व शासकीय अधिवक्ता बद्री विशाल गुप्ता के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील प्रांगण में पेपर ब्लॉक लगाए जाने



को लेकर आवेदन दिया। नागरिकों ने परीक्षाओं के चलते ध्वनि विस्तारक यंत्रों की पूरी तरह रोक लगाने की मांग की. शिक्षा विभाग के दो आवेदन स्कूलों के सामने स्पीड ब्रेकर बनाए जाने के लिए दिए गए, जिन्हें एसडीएम मिश्रा द्वारा तत्काल निराकृत करके समस्याओं का समाधान किया गया.

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

- दवाएं भी मिलेंगी फ्री

**सलामतपुर. 12 फरवरी को सांची विकासखंड के सलामतपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है. डॉ जीसी गौतम ने सभी क्षेत्र वासियों से अपील कि है कि शिविर में सम्मिलित होकर नि:शुल्क शिविर का लाभ उठाए अवश्य उठाएं.**

शिविर सुबह 11 बजे से 03 बजे राजीव नगर रेलवे स्टेशन के सामने सलामतपुर में आयोजित होगा. शिविर में कई तरह की जांचे नि:शुल्क की जाएंगी. जिनमें हार्निया, हाइड्रोसील, पाईल्स, पथरी, बच्चेदानी के आपरेशन और मधुमेह, ब्लडप्रेशर, थाइराइड, एलर्जी, माइग्रेन, सर्दी-जुकाम, बुखार वाले भर्ती मरीजों को वार्ड में दवाईयां भी फ्री में मिलेगी .

शिविर में आने वाले भर्ती मरीजों की आंखों की जांच जिसमें कांच बिन्दु, मोतियाबिंद, नाखुना आदि की जांचें नि:शुल्क की जायेगी. और शिविर स्थल से मरीजों को उसी दिन बस के माध्यम से भोपाल के जे. के. अस्पताल ले लाया जायेगा.

गौरतलब है कि डॉ जीसी गौतम द्वारा सांची, सलामतपुर क्षेत्र में समय समय पर नि:शुल्क शिविर लगाकर हृदय के मरीज़ों का उपचार किया जाता है. और इनकी जांचों में भी किसी प्रकार का शुल्क नही लिया जाता है.

### पूर्व में भी शिविर आयोजित

पहले भी जे के अस्पताल भोपाल के सौजन्य से सलामतपुर रातातलाई कृषि उपमंडी प्रांगण में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया था. जिसमें भोपाल से आए हृदय रोग विशेषज्ञ एमबीबीएस एमडी डीएम डॉ जीसी गौतम के मार्गदर्शन में डॉ चांदनी सैय्यद, डॉ शरद यादव, डॉ आयुषी, डॉ दिव्यांश, डॉ प्रहार, डॉ अग्नि, डॉ भावना, डॉ सुप्रिया, डॉ सिमरन ने स्वास्थ्य शिविर लगाकर लगभग पांच सौ मरीज़ों की निशुल्क जांचकर उपचार किया था.

# मप्र चालक-परिचालक संघ के संरक्षक बने शफीक



**बेगमगंज, 10 फरवरी.** मप्र चालक -परिचालक सेवा संघ का पुनर्गठन किया गया. जिसमें सर्वसम्मति से बेगमगंज के शफीक अहमद को संघ का संरक्षक चुना गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित स्वागत समारोह में सभी पदाधिकारियों एवं डायल 112 के पायलटों ने स्वागत कर शफीक अहमद का स्वागत कर उन्हें बधाई दी। इस अवसर पर संरक्षक शफीक अहमद ने सभी वाहन चालकों एवं परिचालकों की मूलभूत समस्याओं,उनके सामूहिक ग्रुप बीमा कराने का वायदा किया.


# सतधारा क्षेत्र में नहीं लगे हैं सीसीटीवी कैमरे

## संदिग्ध व्यक्तियों को देखने पर तत्काल थाने में सूचना देने की दी हिदायत

- रविवार को भोपाल, विदिशा, रायसेन से बड़ी संख्या में
- सतधारा स्तूप घूमने पहुंचते हैं पर्यटक

**अदनान खान सलामतपुर. विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में शामिल सतधारा बौद्ध स्तूप क्षेत्र में सुरक्षा को लेकर पर्यटकों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है. यहां पर सुरक्षा की दृष्टि से सीसीटीवी कैमरे तक नही लगे हैं.**

जबकि शनिवार और रविवार को भोपाल, विदिशा, सीहोर, रायसेन सहित आसपास क्षेत्र से पर्यटक काफी अधिक संख्या में पिकनिक मनाने और घूमने पहुंचते हैं. उसके बाद भी पर्यटन विभाग यहां पर कुछ भी सुविधाएं पर्यटकों को नही दे रहा है. इसी बात के चलते पर्यटकों में शासन प्रशासन के खिलाफ आक्रोश है. वहीं सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी के दिशा निर्देश पर थाने के पुलिस बल ने पुरातत्व विभाग के सतधारा स्तूप पहुंचकर सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया.



स्तूप पर मौजूद कर्मचारियों से स्तूप क्षेत्र में सुरक्षा पर तैनात कर्मचारियों की जानकारी ली और दिशा निर्देश भी दिए. वर्तमान में सतधारा स्तूप क्षेत्र में लगभग आधा दर्जन कर्मचारी नियुक्त हैं. जिनमें से कुछ स्थाई कर्मचारी व कुछ कर्मचारियों को डेली वेज़ पर रखा गया है. गौरतलब है कि सतधारा स्तूप परिसर सहित पूरे क्षेत्र में सुरक्षा के इंतेज़ाम नाकाफी है. और स्तूप परिसर जंगल क्षेत्र से जुड़ा हुआ है तो जंगली जानवरों का खतरा भी यहां पर बना रहता है. इसलिए पर्यटन विभाग को यहां पर सुरक्षा व्यवस्था को और बढ़ाना बहुत आवश्यक है.

रायसेन के पूर्व कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में 18 सितंबर 24 को जिला पुरातत्व, पर्यटन एव संस्कृति परिषद की बैठक हुई थी, जिसमें कलेक्टर दुबे ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सांची क्षेत्र में डिस्प्ले बोर्ड लगाकर जिले और आसपास के प्रमुख पर्यटन स्थलों, पहुंच मार्ग, दूरी तथा पर्यटन स्थलों की जानकारी प्रदर्शित करने के निर्देश दिए थे. जिससे सांची आने वाले पर्यटकों को अन्य स्थलों की भी जानकारी हो.कर्क रेखा स्थल पर सेल्फी प्वाइंट बनाने तथा पर्यटन की दृष्टि से और अधिक विकसित करने के भी निर्देश भी दिए गए.

### सतधारा स्तूप क्षेत्र में नहीं है बिजली की व्यवस्था

भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 रोड से सतधारा स्तूपों की दूरी लगभग 5 किलोमीटर है. यहां पर जाने के लिए 1 करोड़ रुपए की लागत से नहर से लगकर सीसी रोड डाला गया था. वह भी जगह जगह से खराब हो गया है. वहीं सतधारा स्तूप परिसर में बिजली लाइट की व्यवस्था नही है.

### इनका कहना है

सतधारा स्तूप क्षेत्र में बिजली की व्यवस्था नही है. पुरातत्व विभाग ने कभी भी लाइट लगवाने के लिए विद्युत वितरण कंपनी को आवेदन ही नही दिया है. जबकि गाडरखेड़ी गांव से 5 से 6 पोल लगाकर स्तूप परिसर तक आसानी से लाइट पहुंच सकती है.

**मनीष श्रीवास्तव,** जेई सांची सलामतपुर

वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन के चलते सतधारा स्तूप क्षेत्र में पुलिस बल को भेजकर सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया गया है. यहां पर तैनात कर्मचारियों की संख्या और उनके नम्बर वगैरह लेकर समझाईश भी दी गई है.

**दिनेश सिंह रघुवंशी,** थाना प्रभारी सलामतपुर

# महाशिवरात्रि पर दादाजी धाम में चारों प्रहर होंगे अभिषेक



**भोपाल, 10 फरवरी. दादाजी धाम मंदिर, रायसेन रोड, पटेल नगर, भोपाल में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा. कार्यक्रमों की शुरुआत 14 को सायं 6:00 बजे से होगी.**

इस अवसर पर भगवान शिव एवं माता पार्वती को मेहंदी-हल्दी लगाई जाएगी. महिलाओं द्वारा बन्ना-बन्नी के मंगल गीत गाए जाएंगे तथा भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा. 15 फरवरी रविवार को प्रात:काल से ही मंदिर परिसर में विशेष रुद्राभिषेक संपन्न होंगे.

# श्रीमद् भागवत कथा के लिए आज निकलेगी कलश यात्रा

**बाड़ी, 10 फरवरी.** शिवालय प्रांगण शिव शक्ति कावड़ कॉलोनी वार्ड क्र. 06 में समिति द्वारा सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. दीपाली एंड ग्रुप मित्र मंडल ने आयोजन को सफल बनाने की अपील की है. 11 फरवरी बुधवार को नया बस स्टैंड दुर्गा चौक से विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी. श्रीमद् भागवत कथा 11 से 17 फरवरी तक आयोजित की जा रही है, जिसका समय दोपहर 1:00 बजे से 5:00 बजे तक रहेगा . कथा व्यास डॉ. पं. गोविन्दाचार्य महाराज के मुखारविंद से कथा श्रवण करेंगे.

# कलेक्टर ने सलामतपुर परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



**सलामतपुर. माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की 12वीं बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से प्रारंभ हो गई हैं.**

रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा सांची विकासखंड में परीक्षा केंद्र एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलामतपुर तथा एकीकृत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पग्नेश्वर का निरीक्षण किया गया. इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र प्रभारी और शिक्षकों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए. इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक भी साथ रहे.

कथा का आयोजन | श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर में शिव परिवार प्राण-प्रतिष्ठा समारोह

# भागवत कथा सुनने से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं: पं. शास्त्री

**सिलवानी. नगर के बजरंग चौराहा स्थित श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर परिसर में शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा एवं श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है. धार्मिक आयोजन को लेकर नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना हुआ है.**

कथा के दूसरे दिन कथा वाचक पंडित नरेश शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया. उन्होंने कहा कि भागवत कथा मनुष्य के जीवन को सही दिशा देने वाली है. इसके श्रवण मात्र से ही मनुष्य के कष्ट दूर होते हैं तथा जीवन में धर्म, भक्ति और सदाचार का संचार होता है.कथा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भजन-कीर्तन के माध्यम से भगवान के गुणगान में लीन नजर आए.



# प्रशांत साहू समाज के नवयुवक मंडल अध्यक्ष बने



**बैरसिया, 10 फरवरी. बैरसिया साहू समाज नवयुवक मंडल, का चुनाव बालविहार स्थित साहू समाज मंदिर प्रांगण में सोमवार को देर रात संपन्न हुए.**

वरिष्ठ साहू समाज के तहसील अध्यक्ष जितेंद्र साहू (डागा ) की अध्यक्षता में हुए नवयुवक मंडल के चुनाव में सर्वसम्मति से प्रशांत साहू को निर्विरोध अध्यक्ष बनाया गया . साहू समाज के लोगों ने नव नियुक्त अध्यक्ष प्रशांत साहू को पुष्प मालाएं पहनाकर बधाइयां दी . इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष साहू ने कहा कि समाज के वरिष्ठजनों ने जिस उम्मीद से अध्यक्ष नियुक्त किया है उस पर खरा उतरकर समाज के युवाओं को युवा मंडल में जोड़ने का पूरा प्रयास करूंगा. इस अवसर पर मध्य प्रदेश तैलिक साहू महासभा के महासचिव रमेश कुमार साहू, संयुक्त सचिव वीरेंद्र साहू, जितेंद्र साहू (डागा) अध्यक्ष साहू समाज बैरसिया, हरिप्रसाद साहू, गुलाब साहू, शंकर लाल साहू, ओमप्रकाश साहू, दीपक साहू, प्रकाश साहू, एडवोकेट शैलेंद्र साहू, राकेश साहू, श्याम साहू, प्रमोद साहू, विनोद साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोगों ने बधाई दी.